# मेवाड़ विश्वविद्यालय के नाम दर्ज हुआ पेटेन्ट

चित्तौड़गढ़. मेवाड़ विश्वविद्यालय में नवीन शोध एवं नवाचारों से सम्बन्धित गतिविधियों में छात्रों एवं संकाय सदस्यों की निरन्तर भागीदारी रहती है। इसी का परिणाम है कि विश्वविद्यालय के कई संकाय सदस्यों के नाम शोध एवं पेटेन्ट पंजीकृत हो गया है। इसी कड़ी में हाल ही में मेवाड़ के सहायक प्राध्यापक अंकित नवलखा ने रेडियोलॉजी गुणवत्ता डेशबोर्ड और विधि के लिए विशेष मॉडल निर्माण और मशीन लर्निंग सेवाओं के लिएएक प्रणाली विकसित की।

नवलखा ने अपने प्रकाशन का भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्यम मन्त्रालय के अधीन उद्योग विस्तार एवं आन्तरिक व्यापार कार्यालय में पेटेन्ट करवाया है।

इस प्रकाशन के पेटेन्ट पर मेवाड़ विष्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक कुमार गदिया, वाईस चान्सलर डॉ. के.एस. राणा, प्रो.वाइस चान्सलर आनन्द वर्धन शुक्ला, डीन एकेडमिक डी.के. शर्मा, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट, डायेक्टर हरीश गुरनानी आदि ने अंकित नवलखा को बधाई दी।

Rajasthan Patrika 21-04-2022

# मेवाड़ विश्वविद्यालय के नाम दर्ज हुआ पेटेंट

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

मेवाड़ विश्वविद्यालय में नवीन शोध एवं नवाचारों से सम्बन्धित गतिविधियों में छात्रों एवं संकाय सदस्यों की निरन्तर भागीदारी रहती है। इसी का परिणाम है कि विश्वविद्यालय के कई संकाय सदस्यों के नाम शोध एवं पेटेंट रजिस्टर्ड हो पाए हैं। हाल ही में मेवाड़ विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अंकित नवलखा ने रेडियोलॉजी और विधि के लिए विशेष मॉडल निर्माण और मशीन लर्निंग सेवाओं के लिए एक प्रणाली विकसित की।

नवलखा ने अपने उक्त प्रकाशन का भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्यम मंत्रालय के अधीन उद्योग विस्तार एवं आन्तरिक व्यापार कार्यालय में पेटेन्ट करवाया है। इस प्रकाशन के पेटेन्ट पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक कुमार गदिया, वाईस चांसलर डॉ. केएस. राणा, वाइस चांसलर प्रो. आनंद वर्धन शुक्ला, डीन एकेडमिक डीके. शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेन्ट डायेक्टर हरीश गुरनानी आदि ने श्री अंकित नवलखा को बधाई दी।

Dainik Bhaskar 21-04-2022